# पीएम स्वनिधि योजना के 600 लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश

## पीएम स्वनिधि योजना के 600 आवेदन बैंकों में लंबित

- फुटपाथी दुकानदारों को बैंक नहीं दे रहा है लोन

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मानगो नगर निगम ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथी दुकानदारों के 600 से अधिक लंबित आवेदनों का निष्पादन करने के लिए बैंकों को कहा गया है. कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने बताया अब तक 600 से ज्यादा आवेदन विभिन्न बैंकों में लंबित हैं, जिसमें पंजाब नेशनल बैंक व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में लंबित आवेदनों की संख्या सबसे ज्यादा है. कहा नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से आवेदनों का निषादन 15 अगस्त तक करने का निर्देश दिया गया है. इसलिए सभी बैंकों से प्राथमिकता के आधार पर लंबित आवेदनों का निष्पादन 15 अगस्त तक करने के लिए कहा गया है. इस क्रम में झारखंड ग्रामीण बैंक, भिलाई पहाड़ी शाखा से गुरुवार को 11 पथ विक्रेताओं के लोन को मंजूरी दी गयी.